**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 14 जून, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज धुर्वा, राँची स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की 133वीं बटालियन पहुँचकर झारखंड-उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हुए विस्फोट में शहीद 134वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक सत्यवान कुमार सिंह जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में स्वयंसेवी संस्था विकास भारती के सचिव पद्मश्री श्री अशोक भगत ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य तथा आजीविका कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

---